

## एक नजर में



### दिव्य संतान प्रकल्प पर कार्यशाला

**उज्जैन।** सनातन संस्कृति में गर्भ संस्कार को प्रमुखता से लिया गया था। हम वर्तमान समय में संस्कार और संस्कृति दोनों को भूल रहे है।इसी का नतीजा है कि आज की युवा पीढ़ी देश, समाज, परिवार को समर्पित नहीं होकर भटकाव की ओर है।माता पिता और हम सबका दायित्व होना चाहिए कि वह गर्भ संस्कार को प्रमुखता के साथ रखे ओर इसका पालन भी नव दंपत्ति से करवाए।तभी दिव्य संतान की प्राप्ति भी कर सकेंगे और भारत देश को श्रेष्ठ नागरिक भी दे पाएंगे।यह बात दिव्य संतान प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक पूर्व राज्य मंत्री दर्जा मध्य प्रदेश सरकार पंडित योगेंद्र महंत ने उज्जैन में कार्यशाला के द्वारान व्यक्त की। विश्व ब्राह्मण समाज संघ महिला प्रकोष्ठ ने उज्जैन के वेद नगर स्थित आनंद भवन में बुधवार को दिव्य संतान प्रकल्प की कार्यशाला का आयोजन किया था। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा स्वर की देवी सरस्वती एवं मां भारती का पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि कलावती यादव सभापति नगर पालिक निगम, विशेष अतिथि अर्पणा जोशी राष्ट्रीय समन्वयक विश्व ब्राह्मण समाज संघ रहीं। अध्यक्षता पं. योगेन्द्र महंत राष्ट्रीय संयोजक दिव्य संतान प्रकल्प, राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्व ब्राह्मण समाज संघ, पूर्व राज्य मंत्री ने की।कार्यशाला विषय विशेषज्ञ डॉ रोमशा सरकानूनगो ने 'दिव्य संतान कैसे हमारे यहां आ सकती है' को प्रोजेक्ट के माध्यम से बताया।सरस्वती वंदना एवं राष्ट्र आराधन श्रीमती मनीषा व्यास द्वारा, स्वागत भाषण एवं संगठन का परिचय सावित्री महंत राष्ट्रीय संयोजिका विश्व ब्राह्मण समाज संघ ने दिया।आभार डॉ. प्रेरणा मनाना एवं संचालन अनामिका व्यास ने किया। पंडित योगेंद्र महंत ने बताया कि हमारी कल्पनाएं और अपेक्षा संतान से ज्यादा हो रही है जिसके कारण परिवार तनाव में जीवन यापन कर रहा है हम राम और कृष्ण जैसी संतान तो चाहते है लेकिन दशरथ ओर वासुदेव नहीं बनना चाहते। आवश्यकता आचरण, व्यवहार में बदलाव की भी है।जो संतान गर्भ में पल रही है उसे सकारात्मक माहौल की आवश्यकता है।



### मकर संक्रांति पर्व पर किया वस्त्रदान

**उज्जैन।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर जैन सोशल ग्रुप समन्वय द्वारा सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए वस्त्रदान का एक सराहनीय एवं पुण्यदायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रुप के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए जरूरतमंदों के लिए उपयोगी, स्वच्छ एवं अच्छी स्थिति में पुराने वस्त्र दान किए। संस्थापक अध्यक्ष जयंतीलाल फाफरिया ने बताया कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग को सहायता प्रदान कर मानव सेवा को प्रोत्साहित करना रहा। संस्था अध्यक्ष नगीन नलवाया ने कहा कि मकर संक्रांति जैसे पर्व पर दान का विशेष महत्व है और वस्त्रदान से न केवल जरूरतमंदों को राहत मिलती है, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता की भावना भी विकसित होती है। इस अवसर पर ग्रुप सचिव आशिष नांदेचा ने बताया कि जैन सोशल ग्रुप समन्वय निरंतर सामाजिक, धार्मिक एवं सेवा गतिविधियों के माध्यम से समाज में सकारात्मक योगदान देने का प्रयास करता रहा है और भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्य जारी रहेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सदस्यों ने भाग लेकर इसे सफल बनाया।अंत में पल्लवी नलवाया एवं प्रिया नांदेचा द्वारा सभी सदस्यों को स्वल्पाहार कराया गया तथा समाज के अन्य लोगों से भी इस प्रकार के सेवा कार्यों में आगे आने की अपील की गई।इस अवसर पर ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष विजय बम्बोरी, कमलेश जैन आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में काव्य गोष्ठी आज

**उज्जैन।** मप्रलेखक संघ उज्जैन द्वारा मकर संक्रांति, गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में काव्य गोष्ठी का आयोजन आज गुरुवार, 15 जनवरी को किया जा रहा है। जिसमें लेखक संघ के साहित्यकार रचना पाठ करेंगे। मध्यप्रदेश लेखक संघ उज्जैन सचिव डॉ हरीशकुमार सिंह ने बताया कि चार धाम मंदिर में आज 15 जनवरी गुरुवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक होने वाली काव्यगोष्ठी में महामंडलेश्वर स्वामी शांतिस्वरूपानंदजी महाराज आशीर्वचन देंगे। अध्यक्षता प्रो. हरिमोहन बुधौलिया अध्यक्ष मध्यप्रदेश लेखक संघ करेंगे। प्रमुख अतिथि डॉ. नागेश्वर राव पूर्व कुलपति, सारस्वत अतिथि डॉ गोविंद गंधे निदेशक कालिदास अकादमी, विशिष्ट अतिथि दिवाकर नातू पूर्व अध्यक्ष, सिंहस्थ प्राधिकरण, प्रो. शिव चौरसिया प्रख्यात मालवी कवि, प्रो गोपाल शर्मा शिक्षाविद, प्रो. शैलेंद्र पाराशर शिक्षाविद, डॉ. तुलसीदास परोहा शिक्षाविद होंगे। सूत्रधार डॉ पांखुरी वक्त रहेंगी।


### शराब के साथ पकड़ाई महिला हिरासत में

**उज्जैन।** अवैध शराब लेकर आ रही महिला की खबर मिलने पर झारड़ा थाना पुलिस ने ग्राम माल्या नई आबादी में घेराबंदी की और झोला लेकर आ रही महिला को रोका। झोले की तलाशी लेने पर उसके पास से अंग्रेजी शराब के 20 क्वार्टर बरामद हो गये। शराब के संबंध में जानकारी लेने पर अवैध होना पाई गई। महिला के खिलाफ आबकारी एक्ट अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। महिला को जमानत पर रिहा किया गया है। पुलिस के अनुसार चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा।

# जल है तो कल है, महाकाल की नगरी में सदैव मिलता रहे स्वच्छ पेयजल

## उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह भी पहुंचे जलसुनवाई में, जनता की समस्याओं का किया समाधान, तीन स्थानों पर हुई सुनवाई





**उज्जैन।** जल जीवन का आधार है। पानी के बिना न तो मानव जीवन संभव है और न ही सभ्यता का अस्तित्व। स्वच्छ जल केवल प्यास बुझाने का माध्यम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन की नींव है। अशुद्ध जल से अनेक गंभीर बीमारियां जन्म लेती हैं, ऐसे में जल संरक्षण और जल शुद्धता आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की परिकल्पना अनुसार जल सुनवाई का आयोजन लगातार जारी है।

महाकाल की नगरी उज्जैन, झो न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है बल्कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का गृह नगर भी है। आने वाले समय में महाकुंभ जैसे विराट आयोजन की साक्षी बनने जा रही है। लाखों श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए शहर में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ और निर्बाध बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से नगर निगम द्वारा जल संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु जल सुनवाई का आयोजन किया गया।

बुधवार को नगर निगम द्वारा शहर के तीन स्थलों, बुधवारिया पानी की टंकी, चकोर पार्क पानी की टंकी एवं चामुंडा माता मंदिर स्थित पीएचई कार्यालय पर जल सुनवाई का आयोजन किया गया। यह सुनवाई प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चली, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने उपस्थित होकर अपनी पेयजल संबंधी शिकायतें दर्ज कराईं।

जल सुनवाई के दौरान निगम अध्यक्ष कलावती यादव एवं कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने चकोर पार्क स्थित पानी की टंकी पर आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और आश्वस्त किया कि दर्ज की गई सभी शिकायतों का निश्चित समय-सीमा में शीघ्र निराकरण किया जाएगा।

### 09 शिकायतें प्राप्त, शीघ्र समाधान के निर्देश

शिकायत नल से पानी नहीं आने से संबंधित शिकायत नवीन पाइप लाइन से संबंधित रहीं।नगर निगम द्वारा सभी शिकायतों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए हैं। जल सुनवाई के माध्यम से निम्न समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। पेयजल लीकेज से संबंधित समस्याएं, नल कनेक्शन से जुड़ी शिकायतें, बोरवेल संबंधी समस्याएं। महाकाल की नगरी में प्रस्तावित महाकुंभ आयोजन को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा पेयजल आपूर्ति को मजबूत और शुद्ध बनाए रखने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, संदीप शिवा, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, भाजपा महामंत्री आनंद खींची, पार्षद एवं जोन अध्यक्ष पुरुषोत्तम मालवीय, पार्षद प्रतिनिधि सतीश राठौर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।



### रेतीघाट सेवा बस्ती में मनाया पतंग उत्सव

**उज्जैन।** संस्था सर्वसहाय वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा मकर संक्रांति पर सेवा बस्ती में श्रमिक परिवारों व जरूरतमंद बच्चों के साथ खुशियाँ साझा कर गिल्ली डंडा प्रतियोगिता रखी गई बच्चो को चाइना डोर से पतंग न उड़ाने की समझाइश दी गई। संस्था द्वारा आज मकर संक्रांति के पावन अवसर पर सेवा बस्ती में श्रमिक परिवारों एवं जरूरतमंद बच्चों के साथ उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों एवं परिवारजनों के साथ पारंपरिक रूप से मकर संक्रांति का पर्व मनाते हुए तिल-गुड़, मिठाई पतंग एवं आवश्यक सामग्री भेट की गई। संस्था के सदस्यों ने बच्चों के साथ खेलकूद कर, पतंग उड़ाकर एवं आपसी संवाद के माध्यम से उन्हें त्योहार की खुशियों से जोड़ने का प्रयास किया। संस्था का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों तक पर्वों की खुशियाँ पहुँचाना एवं उनके जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। कार्यक्रम के दौरान संस्था अध्यक्ष सुनील बारोड ने कहा कि मकर संक्रांति सामाजिक समरसता, सहयोग और सेवा भावना का संदेश देती है। भविष्य में भी संस्था इसी प्रकार समाजसेवा के कार्य निरंतर करती रहेगी। इस आयोजन में मुख्य रूप से संस्था के सदस्य, कवि राहुल शर्मा शुभम शर्मा चेतन जोशी आशुतोष कुमारिया कुशल जाधव अंकुर अवस्थी रौनक गोयल आदि स्थानीय नागरिक एवं स्वयंसेवकों की सराहनीय सहभागिता रही।

# चाइना डोर से युवक का गला, महिला के कटे दोनों पैर

## चार अन्य लोग भी हुए जख्मी, प्राथमिक उपचार के बाद दी छुट्टी





**उज्जैन।** मकर संक्रांति पर चाइना डोर से कोई हादसा ना हो इसके प्रयास पुलिस द्वारा पूरी तरह से किए गए थे बावजूद इसके युवक का गला कट गया और महिला के दोनों पैर। चार अन्य लोग भी डोर से घायल होना सामने आए हैं जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दी गई थी।

घातक हो चुकी चाइना डोर पर मकर संक्रांति से दो माह पहले ही प्रतिबंध लगा दिया गया था। बावजूद इसके आधा दर्जन लोगों के गले कट गए थे। मकर संक्रांति पर कोई हादसा ना हो इसको लेकर पुलिस ने पूरे जिले में सख्त सर्चिंग अभियान चलाया था और कई युवकों को पकड़कर प्रतिबंधित डोर की 130 से अधिक रील बरामद की थी। मकर संक्रांति पर कोई हादसा ना हो इसको लेकर पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद थी लेकिन आगर रोड पर बुधवार सुबह बाइक सवार युवक अंतर पिता मांगीलाल बंजारा 19 साल निवासी रतलाम का गला कट गया। उसे कुछ लोगों ने अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने गले में 8 टांके लगाए। कुछ देर बाद ही फजलपुरा नगरकोट क्षेत्र में रहने वाली सीमा पति भीमराम 45 साल को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया। उसके दोनों पैर कटे हुए थे चाइना डोर उलझने से हादसा हुआ था। सीमा के एक पैर में 7 टांके लगाए गए दूसरे पर की सर्जरी की गई। सीमा घर से सब्जी खरीदने के लिए पैदल जा रही थी। सुबह हुई दो घटना के बाद दोपहर में हाटकेश्वर कॉलोनी के रहने वाले जॉन पिता सुशील 28 साल को चरक अस्पताल लाया गया था डोर से उसका होट कट गया था। डॉक्टर ने टांके लगाने के बाद उसे उपचार के लिए भर्ती किया। यही नहीं सुगन भाई पति ओमप्रकाश 51 साल निवासी जयसिंहपुरा का एक पर चाइना डोर लगने से कट गया था। कृष्ण पिता राम प्रताप निवासी पटेल नगर और रिजवान पिता अब्दुल रशीद निवासी जनसापुरा भी चाइना डोर से घायल हुए हैं। पिछले वर्ष जिस तरह से मकर संक्रांति पर और उसके एक दिन पहले एवं बाद में जिस तरह के मामले सामने आए थे उसमें इस वर्ष कमी देखी गई है। पुलिस का कहना था कि अगले साल पतंग बाजी के दौरान इस तरह की घटना ना सामने आए इसको लेकर भी पूरे प्रयास जारी रहेंगे।

### बदमाश के पास मिला सालभर पहले चोरी हुआ मोबाइल

उज्जैन। सालभर पहले चोरी हुआ मोबाइल रामगंज मंडी कोटा के रहने वाले बदमाश राहुल के पास से बरामद किया गया है। बदमाश को जीआरपी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मोबाइल 32 हजार रुपये कीमत का था। बदमाश से पूछताछ की जा रही है। एक बदमाश के गिरफ्त में आने के बाद जीआरपी थाने 2 मोबाइल चोरी होने की शिकायत ओर पहुंची। उज्जैन से मथुरा जाने के लिये रोहित ठाकुर प्लेटफार्म नम्बर 1 पर पहुंचा था। उसी दौरन उसका पर्स और मोबाइल चोरी हो गया। पर्स में 3 हजार रूपये रखे थे। इसी प्रकार रतलाम का रहने वाला कृष्ण कुमार गौरखपुर से रतलाम की यात्रा ट्रेन से कर रहा था। उसका मोबाइल भी आज्ञत बदमाशों ने चोरी कर लिया। उक्त दोनों मामलों में जीआरपी ने प्रकरण दर्ज कर चोरी हुए मोबाइल की लोकेशन ट्रेस करना शुरू किया है।

### मत्स्येंद्रनाथ पर चादर चढ़ाकर की महाआरती

**उज्जैन।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गढ़कालिका रोड स्थित दादा गुरु श्री मत्स्येंद्रनाथ जी की समाधि पर धार्मिक उल्लास और श्रद्धा का भव्य दृश्य देखने को मिला।इस अवसर पर श्री योगी बाबा बमबम नाथ सेवा समिति द्वारा चार दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रथम दिन समाधि स्थल पर महायज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें देश के सुख-समृद्धि एवं सनातन धर्म के संरक्षण व प्रसार की कामना की गई। मकर संक्रांति के अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। धर्मेंद्र जोशी एवं शशिकांत टाक ने बताया कि मकर संक्रांति पर विशाल चल समारोह निकाला गया। यह यात्रा महाकाल मंदिर से प्रारंभ होकर पिपली नाका चौराहा होते हुए दादा गुरु श्री मत्स्येंद्रनाथ समाधि स्थल पहुंची, जहां गुरु समाधि पर चादर चढ़ाई गई एवं भव्य महाआरती की गई।चल समारोह में बड़ी संख्या में साधु-संत एवं श्रद्धालु शामिल हुए। विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा मार्ग में जगह-जगह मंच लगाकर यात्रा का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पीर योगी रामनाथ महाराज, महंत महावीर नाथ महाराज एवं सोमवारनाथ महाराज उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि यह धार्मिक आयोजन पिछले 18 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। 1008 तपस्वी श्री योगी बाबा बमबम नाथ जी महाराज द्वारा प्रतिवर्ष श्रद्धालुओं को भोजन कराकर सेवा भाव का संदेश दिया जाता था।इस अवसर पर भवानी नाथ, ज्ञाननाथ गब्बर बाबा, सीताराम सहित अनेक सेवाभावी श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### न्यायिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को कैलेंडर वितरित

**उज्जैन।** नववर्ष के उपलक्ष्य में नजमी ग्रुप उज्जैन द्वारा शहर में लगातार नि:शुल्क कैलेंडर वितरण का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कोठी पैलेस स्थित जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों को कैलेंडर वितरित किए गए। अधिवक्ता नफीस राज ने जानकारी देते हुए बताया कि नजमी ग्रुप द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में दुकानों, प्रशासनिक कार्यालयों, चरक भवन अस्पताल, नगर निगम कार्यालय सहित अन्य शासकीय संस्थानों में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों को कैलेंडर वितरित किए जा रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य नववर्ष पर सामाजिक संपर्क एवं आपसी सद्भाव को बढ़ावा देना है।

# घर में साथियों के साथ जुआ खेलते गिरफ्त में आया स्थाई वारंटी

**उज्जैन। रात्रि गश्त पर सोमवार-मंगलवार रात निकली पुलिस को कुछ लोगों द्वारा ताशपत्ती से हार-जीत का दांव लगाकर जुआं खेलने की खबर मिली। पुलिस ने दबिश मारी तो 2 जुआरी भाग निकले। 3 को हिरासत में लिया गया, जिसमें एक स्थाई वारंटी होना सामने आया। जो 2 मामलों में फरार चल रहा था।**

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि रात्रि गश्त के दौरान खबर मिली थी कि आदिनाथ कालोनी में कुछ लोग जुआ खेल रहे है। तत्काल एसआई सुरेन्द्रसिंह गरवाल, सौभागसिंह पंवार, प्रधान आरक्षक हेमराज खरे, राहुलसिंह राठौर, आरक्षक रोहित मालवीय, नारायण सरा, रूपेश हिरवे के साथ आदिनाथ कालोनी में अमित पिता नेमीचंद सकेलचा के मकान पर दबिश दी गई। पुलिस की दबिश पड़ते ही छत के रास्ते 2 जुआरी भाग निकले। मौके से 3 को हिरासत में लिया गया।



जिसमें अमित सकलेचा, आजाद पिता मुरार शाह निवासी लोहाना कुटी और रामेश्वर पिता महादेव रीछा निवासी शांतिनिकेतन चौराहा बड़नगर को हिरासत में लिया। उनके पास से ताशपत्ती के साथ 6620 रूपये जब्त किये गये। थाना प्रभारी के अनुसार अमित सकलेचा काफी समय से 2 मामलों में फरार चल रहा था, उसके खिलाफ स्थाई वारंट भी जारी हो चुका था। हिरासत में आये तीनों जुआरियों के साथ मौके से भागे उनके 2 साथियों के खिलाफ जुआ एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया। फरार 2 जुआरियों की तलाश में एक टीम को अलर्ट पर रखा गया है। वहीं स्थाई वारंटी के गिरफ्त में आने पर उसे मंगलवार को कोर्ट में पेश किया।

**दो दिनी मकर संक्रांति** ▶ **मकर संक्रांति पर दिनभर उमड़े श्रद्धालु, दोपहर बाद लगी इसलिए आज मुख्य पर्व मनेगा**

# भगवान महाकाल को लगा तिल के लड्डू का भोग, आज शिप्रा स्नान, दान-पुण्य

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** मकर संक्रांति पर बुधवार को तड़के 4 बजे हुई भस्मारती में भगवान महाकाल को गर्भगृह में पुजारियों ने पंचामृत के साथ तिल के तेल से स्नान कराया। इसके बाद भांग व ड्रायफ्रूट्स से शृंगार कर चांदी के आभूषण धारण कराकर तिल्ली के लड्डुओं का भोग लगाया। इसके साथ ही भगवान को पर्व के अवसर पर पतंग भी अर्पित की कई। संक्रांति पर्व पर दिनभर दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। इधर मकर संक्रांति पर दिनभर शहर में जमकर पतंगबाजी हुई। हालांकि संक्रांति की शुरुआत दोपहर में 3 बजे के लगभग हुई इसलिए स्नान व दान-पुण्य का मुख्य पर्व आज गुरुवार को मनेगा। शिप्रा स्नान के लिए श्रद्धालु उमड़ेंगे व घाट पर पंडितों से संकल्प पूजन आदि कराएंगे। जगह-जगह दान स्वरूप खिचड़ी वितरण किया जाएगा।



महाकाल महोत्सव में भाग लेने गायक शंकर महादेव उज्जैन आए। शाम को प्रस्तुति के पहले उन्होंने मंदिर पहुंचकर भगवान महाकाल के दर्शन किए। नंदीहॉल में पुजारी रमण त्रिवेदी, पुरोहित नवनीत शर्मा ने उनका स्वागत किया। महोत्सव 18 जनवरी तक चलने वाला है।

### महाकाल की भस्मारती, अभिनेत्री ऐश्वर्या, हितेश तेजवानी आए



महाकाल मंदिर में बुधवार तड़के हुई भस्मारती में साउथ फिल्म की अभिनेत्री ऐश्वर्या राज भकुनी, टीवी अभिनेता हितेन तेजवानी और गौरी प्रधान तेजवानी शामिल हुए व आरती बाद भगवान महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। हितेन पत्नी गौरी के साथ मंदिर पहुंचे तो ऐश्वर्या भी परिवार के साथ आई। ऐश्वर्या सम्राट, पृथ्वीराज, प्राइड सहित कसम तेरे प्यार की जैसी फिल्मों और धारावाहिकों में रही है। हितेन और गौरी सास भी कभी बहू थी सीरियल में नजर आए थे।

### जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया



**उज्जैन।** बुधवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रेयांस कुमट द्वारा जिला चिकित्सालय उज्जैन में औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यकारी अभियंता पी. डब्ल्यूडी. गौतम अहिरवार, ई.एम.पी. डब्ल्यूडी एम.एस.पंवार उपस्थित थे। सीईओ जिला पंचायत ने निरीक्षण के दौरान लिफ्ट, सीवरेज लाइन का अवलोकन कर चरक अस्पताल में नागरिकों एवं मरीजों को आने जाने में कोई असुविधा न हो इसके लिए आज ही बंद लिफ्ट का कार्य करवा कर लिफ्ट चालू करवाने के निर्देश दिए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरते जाने के निर्देश दिए। साथ ही सीवरेज लाइन का भी काम आज ही चालू कर तय सीमा मे पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। आपसी समन्वय कर काम में प्रगति लाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अन्य आवश्यक निर्देश भी दिए। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय के प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. अनिता भिलवार शिशु रोग विशेषज्ञ, आर.एम. ओ. डॉ. चिन्मय चिंचोलीकर, अस्पताल प्रबंधक हिमांगी चौहान सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।